# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विष्वविद्यालय
## पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)

### मास्टर्स व पीएच.डी. प्रवेश परीक्षा सफलतापूर्वक आयोजित

पंतनगर। 8 जून 2025। गो.ब. पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर द्वारा इसके विभिन्न स्नातकोत्तर (मास्टर्स एवं पीएच.डी.) कार्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षा मुख्य परिसर एवं देहरादून में एक केंद्र पर विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान के नेतृत्व में शांतिपूर्वक संपन्न हुई। परीक्षा नियंत्रक डा. विनोद कुमार ने बताया कि विभिन्न स्नातक कार्यक्रमों के लिए कुल 1603 विद्यार्थियों ने आवेदन किया था और उसमें से 1296 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया और 307 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार परीक्षा में भाग लेने वाले परीक्षार्थियों का प्रतिशत 80.81 रहा। विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर पंतनगर में 1063 के विपरीत कुल 858 परीक्षार्थी प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए और 205 अनुपस्थित रहे। देहरादून जिले में एक परीक्षा केंद्र था जहां पर कुल 540 में से 438 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। इस प्रकार पंतनगर एवं देहरादून में परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले परीक्षार्थियों का प्रतिशत क्रमशः 80.7 और 81.10 रहा। परीक्षार्थियों के साथ भारी संख्या में उनके अभिभावक भी आए थे। अभिभावकों को बैठने के लिए व्यवस्था की गई थी। विद्यार्थियों के लिए पानी की समुचित व्यवस्था थी तथा विश्वविद्यालय चिकित्सालय की ओर से त्वरित चिकित्सा के लिए चिकित्सक एवं एंबुलेंस की भी व्यवस्था थी। कुलपति ने इस महत्वपूर्ण परीक्षा को शांतिपूर्वक सफल बनाने के लिए परीक्षा नियंत्रक एवं उनकी टीम, सभी अधिकारियों, संकाय सदस्यों, कर्मियों तथा जिला प्रशासन को उनके सहयोग के लिए हार्दिक धन्यवाद दिया है।